सत्यमेव जयते
www.socialjustice.nic.in

विकलांग विद्यार्थियों के लिए 2500 छात्रवृतियॉं
शैक्षणिक वर्ष 2014-15

www.nhfdc.nic.in

निःशक्ता कार्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से नेशनल हैण्डीकैप्ड फाइनेन्स एण्ड डिवैल्पमेन्ट कार्पोरेशन (एनएचएफडीसी) छात्रवृति योजना (ट्रस्ट फंड) हेतु विकलांग विद्यार्थियों से छात्रवृति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः-

- इस योजना के अन्तर्गत भारत में मान्यता प्राप्त संस्थानों से स्नातक व स्नाताकोत्तर पाठ्यक्रम में व्यावसायिक/तकनीकी शिक्षा के लिए **2500** छात्रवृतियाँ प्रदान की जाएंगी।
- **30** प्रतिशत छात्रवृतियाँ लड़कियों के लिए आरक्षित है यदि लड़कियों की उम्मीदवारी नहीं हुई तो इन्हें लड़कों को हस्तांतरित कर दिया जायेगा।
- इस योजना के अन्तर्गत, आवेदक किसी भी समय शैक्षणिक सत्र के दौरान आवेदन कर सकते है। आवेदकों को छात्रवृति त्रैमासिक आधार पर पूर्ववर्ती तिमाही में प्राप्त आवेदनों के आधार पर दी जाएगी। योजना के तहत, आवेदन की अग्रिम प्रति आवेदक द्वारा ऑनलाईन (**www.nhfdc.nic.in**) भी जमा करनी होगी।
- गैर वापसी योग्य फीस की पुनर्भुगतान राशि सरकारी/सरकार से अनुदान प्राप्त संस्थानों के समान पाठ्यक्रम शुल्क राशि तक सीमित होगी। छात्रों के भरण-पोषण भत्ता व्यावसायिक स्नातक पाठ्यक्रम के लिए 2500/- रुपए तथा व्यावसायिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए 3000/- रुपए प्रति माह देय होगा। जिसे 10 माह के लिए दिया जाएगा।
- व्यावसायिक स्नातक पाठ्यक्रम के लिए 6000/- रुपए तथा व्यावसायिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए 10000/- रुपए वार्षिक पुस्तकें/स्टेशनरी भत्ता देय होगा।
- विकलांग छात्रों के लिए इसके साथ उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
  (जीवनकाल में एक बार)
- लाभार्थी/माता-पिता या अभिभावक की मासिक आय, सभी स्त्रोतों से 25,000/- रूपए प्रति माह (रूपए 3.00 लाख प्रति वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले कोई अन्य छात्रवृत्ति/वृतिका नहीं लेंगे।

➢ **आवेदन कैसे करें:-** आवेदक ऑनलाईन (**www.nhfdc.nic.in**) आवेदन कर भरी हुई आवेदन पत्र की मुद्रितकॉपी को अपने संस्थान प्रमुख से सिफारिश करवाकर सभी संगत दस्तावेज के साथ नेशनल हैण्डीकैप्ड फाइनेन्स एण्ड डिवैल्पमेन्ट कार्पोरेशन (एनएचएफडीसी), रेड क्रॉस भवन, सैक्टर-12, फरीदाबाद-121007 को भेजें। मुद्रित आवेदन पत्र के बिना आवेदक द्वारा भेजे हुए ऑनलाईन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

➢ आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्नकों की सूचीः

(i) अकादमिक रिकॉर्ड-पात्रता परीक्षा के लिए प्रासंगिक प्रमाण पत्र / मार्क शीट की प्रतियां अनुप्रमाणित.

(ii) वार्षिक आय का प्रमाण-माता पिता / अभिभावक का आय प्रमाण पत्र / अंतिम वेतन पर्ची / आयकर की पावती अथवा राजस्व अधिकारी / राजपत्रित अधिकारी / लोक प्रतिनिधि उदाहरण के लिए -सांसद, विधायक, विधान परिषद के सदस्य, पंचायत अधिकारियों आदि द्वारा आय प्रमाण पत्र.;

(iii) विकलांगता प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित प्रति;

(iv) कोर्स फीस रसीद, यदि कोई हो, विधिवत शिक्षा सत्र के दौरान भुगतान की गई हो;

(v) विधिवत संस्था के अधिकृत हसताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पात्र सहायक उपकरणों की रसीद / चालान;

(vi) एक सफल वर्ष में छात्रवृत्ति की निरंतरता मे मामले में, पिछले वर्ष की अंक सूची की एक प्रति.

(vii) बैंक बचत खाते की पास बुक की कॉपी अथवा रद्द चेक.

➢ अन्य जानकारी के लिए कृप्या NHFDC की वेबसाईट(**www.nhfdc.nic.in**) देखे या दूरभाष संख्या

0129-2226910, 2287512, 2287513 फैक्स संख्या 0129-2284371

ई-मेलः nhfdc97@gmail.com या nhfdctf@gmail.com पर सम्पर्क करें।